**भारत सरकार**
**संस्कृति मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 97**
**उत्तर देने की तारीख: सोमवार, 25 नवम्बर, 2024**
**4 अग्रहायण, 1946(शक)**

**पुरातात्विक स्थलों का संरक्षण एवं विकास**

**97. डॉ. मन्ना लाल रावत:**

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार राजस्थान के उदयपुर एवं बांसवाड़ा संभाग में विभिन्न पुरातात्विक स्थलों के संरक्षण एवं विकास के लिए किसी योजना पर काम कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने इस संबंध में कोई धनराशि आवंटित एवं व्यय की है ;

(घ) यदि हां,तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
**संस्कृति और पर्यटन मंत्री**
**( श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत )**

(क) और (ख): ऐसी कोई स्कीम विचाराधीन नहीं है । तथापि, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण पूरे देश में राजस्थान राज्य में 163 में से उदयपुर और बांसवाड़ा संभागों में स्थित 33 स्मारकों/स्थलों सहित पेयजल, शौचालय ब्लॉक, रास्ते और लैंडस्कैपिंग आदि जैसी सुविधाओं का प्रावधान करने सहित स्मारकों की आवश्यकता और संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार संरक्षित स्मारकों और स्थलों का नियमित रूप से संरक्षण और अनुरक्षण संबंधी कार्य करता है। उदयपुर और बांसवाड़ा संभागों में स्मारकों/स्थलों की सूची अनुबंध-I के रूप में संलग्न है।

(ग) से (ड.) : पिछले तीन वर्षों के दौरान राजस्थान के उदयपुर और बांसवाड़ा संभागों में संरक्षित स्मारकों और पुरातत्वीय स्थलों के संरक्षण और अनुरक्षण के लिए आवंटित निधियां और उन पर किए गए व्यय का ब्यौरा निम्नानुसार है :

(राशि करोड़ रू में)

| वित्त वर्ष | आवंटन | व्यय |
|---|---|---|
| 2021-22 | 2.96 | 2.96 |
| 2022-23 | 4.07 | 4.07 |
| 2023-24 | 6.51 | 6.51 |

अनुबंध-I

लोकसभा में दिनांक 25.11.2024 को उतरार्थ अतारांकित प्रश्न सं 97 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

| क्रम सं. | स्मारक/ स्थल का नाम | ज़िला |
|---|---|---|
| 1. | महाकाल और दो अन्य मंदिर | भीलवाड़ा |
| 2. | पार्श्वनाथ मंदिर परिसर में शिलालेख (12वींशताब्दी ई.) | भीलवाड़ा |
| 3. | कनेरी-की- पुतली के नाम से ज्ञात प्राचीन मंदिर | भीलवाड़ा |
| 4. | महाराणा प्रताप का खंडहर महल,चावंड | उदयपुर |
| 5. | प्राचीन खंडहर, कल्याणपुर | उदयपुर |
| 6. | सास बहू मंदिर,नागदा | उदयपुर |
| 7. | हवा महल के नाम से ज्ञात महल,वीरपुरा (जयसमंद ) | उदयपुर |
| 8. | रूठी रानी का महल के नाम से ज्ञात हवा महल,वीरपुरा ( जयसमंद ) | उदयपुर |
| 9. | संपूर्ण कुम्भलगढ़ किला | राजसमंद |
| 10. | नवचौकी में शिलालेखों, मंडपों और तोरणों सहित घाट | राजसमंद |
| 11. | बलीचा में चेतक समाधि | राजसमंद |
| 12. | प्राचीन स्थल, गिलुंड | राजसमंद |
| 13. | हल्दीघाटी | राजसमंद |
| 14. | खमनोरमें रक्त तलाई | राजसमंद |
| 15. | खमनोर में बादशाही बाग | राजसमंद |
| 16. | संपूर्ण चित्तौड़गढ़ किला | चित्तौड़गढ़ |
| 17. | मेनाल में महानाल मंदिर और मठ | चित्तौड़गढ़ |
| 18. | प्राचीन खंडहर, नागरी | चित्तौड़गढ़ |
| 19. | ज्योरा ( निलोध ) में प्राचीन स्थल एवं अवशेष | चित्तौड़गढ़ |
| 20. | बडोली में श्रृंगार चावड़ी. | चित्तौड़गढ़ |
| 21. | बडोली में अष्टमाता का मंदिर | चित्तौड़गढ़ |
| 22. | बडोली स्थित गणेश मंदिर | चित्तौड़गढ़ |
| 23. | बाडोली में शेषशयन का मंदिर | चित्तौड़गढ़ |
| 24. | बडोली में शिवमंदिर और कुंड | चित्तौड़गढ़ |
| 25. | बडोली में त्रिमूर्ति का मंदिर | चित्तौड़गढ़ |
| 26. | बड़ौली में नारद मंदिर के नाम से ज्ञात वामनावतार का मंदिर | चित्तौड़गढ़ |
| 27. | बडोली स्थित घाटेश्वर मंदिर | चित्तौड़गढ़ |
| 28. | बडोली में कुंड | चित्तौड़गढ़ |
| 29. | नागरी में हाथीवाड़ा | चित्तौड़गढ़ |
| 30. | शिवमंदिरऔरखंडहर,अर्थूना | बांसवाड़ा |
| 31. | प्राचीन अवशेष,विट्ठलदेवा | बांसवाड़ा |
| 32. | बड़ौदा में जैन मंदिर शिलालेख | डूंगरपुर |
| 33. | देवसोमनाथ में सोमनाथ मंदिर | डूंगरपुर |

****